www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**03/FH/CC/M–2023–21**

**Booklet Series**

**C**

**Candidate's Roll Number**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**Serial No.** **300009**

Question Booklet

# PHILOSOPHY

**Time Allowed : 2 Hours**

**Maximum Marks : 100**

**Read the following instructions carefully before you begin to answer the questions.**

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. This Question Booklet contains **100** questions in all.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Attempt **all** questions.
4. **Immediately after commencement of the examination, you should check up your Question Booklet and ensure that the Question Booklet Series is printed on the top right-hand corner of the Booklet. Please check that the Booklet contains 24 printed pages including two pages (Page Nos. 22 and 23) for Rough Work and no page or question is missing or unprinted or torn or repeated. If you find any defect in this Booklet, get it replaced immediately by a complete Booklet of the same series.**
5. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature, then out of English and Hindi versions of the questions, the English version will be treated as standard.
6. You must write your Roll Number in the space provided on the top of this page. Do not write anything else on the Question Booklet.
7. An Answer Sheet will be supplied to you separately by the Invigilator to mark the answers. **You must write your Name, Roll No., Question Booklet Series and other particulars in the space provided on Page–2 of the Answer Sheet provided, failing which your Answer Sheet will not be evaluated.**
8. You should encode your **Roll Number** and the **Question Booklet Series A, B, C or D** as it is printed on the top right-hand corner of the Question Booklet with Black/Blue ink ballpoint pen in the space provided on **Page–2** of your Answer Sheet. **If you do not encode or fail to encode the correct series of your Question Booklet, your Answer Sheet will not be evaluated correctly.**
9. Questions and their responses are printed in English and Hindi versions in this Booklet. Each question comprises of **four** responses—(A), (B), (C) and (D). You are to select ONLY ONE correct response and mark it in your Answer Sheet. In case you feel that there are more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case choose ONLY ONE response for each question. Your total marks will depend on the number of correct responses marked by you in the Answer Sheet.
10. In the Answer Sheet, there are **four** circles—(A), (B), (C) and (D) against each question. To answer the questions, you are to mark with **Black/Blue ink ballpoint pen ONLY ONE circle** of your choice for each question. Select only one response for each question and mark it in your Answer Sheet. If you mark more than one circle for one question, the answer will be treated as wrong. **Use Black/Blue ink ballpoint pen only to mark the answer in the Answer Sheet. Any erasure or change is not allowed.**
11. You should not remove or tear off any sheet from the Question Booklet. You are not allowed to take this Question Booklet and the Answer Sheet out of the Examination Hall during the examination. **After the examination has concluded, you must hand over your Answer Sheet to the Invigilator.** Thereafter, you are permitted to take away the Question Booklet with you.
12. Failure to comply with any of the above instructions will render you liable to such action or penalty as the Commission may decide at their discretion.

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर छपा है।

SEAL

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

1. "Philosophy is the science of sciences." Who said this statement?
(A) Aristotle
(B) Comte
(C) Spencer
(D) Russell

2. "Political problems are directly related with socio-political philosophy." This statement is
(A) true
(B) false
(C) Both of the above
(D) None of the above

3. There are four democratic ideals according to the Indian Constitution : Liberty, Equality, Justice and _____.
(A) Truth
(B) Non-violence
(C) Love
(D) Fraternity

4. "Democracy is of the people, by the people and for the people." Who has given this definition?
(A) Gandhi
(B) Rousseau
(C) Abraham Lincoln
(D) Locke

5. Absence of negligence towards individual is a quality of which one of the following?
(A) Fascism
(B) Democracy
(C) Socialism
(D) Communism

6. Which one of the following is a value of socialism?
(A) Equality
(B) Violence
(C) Liberty
(D) Fraternity

7. Karl Marx is a
(A) democratic thinker
(B) fascist
(C) socialist thinker
(D) communist

8. Which one of the following is against democracy?
(A) Socialism
(B) Communism
(C) Fascism
(D) Theocracy

9. Satyagraha is a method of which one of the following?
(A) Political action
(B) Terrorism
(C) Revenge
(D) None of the above

10. Vinoba Bhave accepts the philosophy of
(A) revolution
(B) Sarvodaya
(C) surrender
(D) revenge

Prepp
Your Personal Exams Guide

**1.** "दर्शन विज्ञानों का विज्ञान है।" यह कथन किसने कहा है?

(A) अरस्तू

(B) कॉम्टे

(C) स्पेन्सर

(D) रसेल

**2.** "राजनीतिक समस्याएँ प्रत्यक्ष रूप से सामाजिक-राजनीतिक दर्शन से सम्बन्ध रखती हैं।" यह कथन है

(A) सत्य

(B) असत्य

(C) उपर्युक्त दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**3.** भारतीय संविधान के अनुसार प्रजातंत्रीय आदर्श चार हैं : स्वतंत्रता, समानता, न्याय और ______।

(A) सत्य

(B) अहिंसा

(C) प्रेम

(D) भ्रातृत्व

**4.** "प्रजातंत्र व्यक्ति से है, व्यक्तियों के द्वारा है और व्यक्तियों के लिए है।" यह परिभाषा किसने दी है?

(A) गाँधी

(B) रूसो

(C) अब्राहम लिंकन

(D) लॉक

**5.** व्यक्तियों के प्रति अवहेलना का अभाव, निम्नलिखित में से किस एक का गुण है?

(A) फासीवाद

(B) प्रजातंत्र

(C) समाजवाद

(D) साम्यवाद

**6.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक समाजवाद का मूल्य है?

(A) समानता

(B) हिंसा

(C) स्वतंत्रता

(D) भ्रातृत्व

**7.** कार्ल मार्क्स हैं

(A) प्रजातांत्रिक चिन्तक

(B) फासीवादी

(C) समाजवादी चिन्तक

(D) साम्यवादी

**8.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्रजातंत्र के विरुद्ध है?

(A) समाजवाद

(B) साम्यवाद

(C) फासीवाद

(D) धर्मतंत्र

**9.** सत्याग्रह निम्नलिखित में से किस एक की विधि है?

(A) राजनीतिक क्रिया

(B) आतंकवाद

(C) प्रतिशोध

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**10.** विनोबा भावे किसके दर्शन को स्वीकार करते हैं?

(A) क्रान्ति

(B) सर्वोदय

(C) समर्पण

(D) प्रतिशोध

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**11.** Terrorism is a technique of which one of the following?

(A) Satyagraha

(B) Sarvodaya

(C) Peace

(D) Revolution

**12.** A Constitutional Government is a necessary condition of which one of the following?

(A) Democracy

(B) Fascism

(C) Constitutionalism

(D) Communism

**13.** Who is the founder of sovereignty?

(A) Jean Bodin

(B) Locke

(C) Rousseau

(D) John Rawls

**14.** "Constitutionalism is the symbol of ideology and Constitution is the symbol of organization." This statement is

(A) true

(B) false

(C) Both of the above

(D) None of the above

**15.** 'Quasi-revolution' is a kind of

(A) revenge

(B) prevention

(C) revolution

(D) justice

**16.** Which Indian philosopher has given the idealistic theory of revolution?

(A) Gandhi

(B) M. N. Roy

(C) Aurobindo

(D) Tagore

**17.** The following definition of sovereignty is given by whom?

"Sovereignty is the supreme power of the State over citizens and subjects unrestrained by law."

(A) Jean Bodin

(B) John Rawls

(C) Hobbes

(D) Locke

**18.** Which one of the following is the type of traditions, accepted by Robert Redfield?

(A) Great and little traditions

(B) Old and new traditions

(C) Indian and Western traditions

(D) None of the above

**19.** The book entitled *Modernization of Traditional Society* is written by whom?

(A) David Apter

(B) Daniel Lerner

(C) Daniel Miller

(D) C. M. Smith

**20.** Scientific rationalism, voluntarism and democratization are the three

(A) parts of democracy

(B) dynamics of modernization

(C) types of political thought

(D) None of the above

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**11.** आतंकवाद निम्नलिखित में से किस एक की विधि है?

(A) सत्याग्रह

(B) सर्वोदय

(C) शान्ति

(D) क्रान्ति

**12.** निम्नलिखित में से किस एक की अनिवार्य शर्त एक संवैधानिक सरकार है?

(A) प्रजातंत्र

(B) फासीवाद

(C) संविधानवाद

(D) साम्यवाद

**13.** संप्रभुता के संस्थापक कौन हैं?

(A) जीन बोंदा

(B) लॉक

(C) रूसो

(D) जॉन रॉल्स

**14.** "संविधानवाद विचारधारा का प्रतीक है और संविधान संगठन का प्रतीक है।" यह कथन है

(A) सत्य

(B) असत्य

(C) उपर्युक्त दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**15.** 'क्रान्ति जैसी क्रान्ति' किसका एक प्रकार है?

(A) प्रतिशोध

(B) सुरक्षा/निवारण

(C) क्रान्ति

(D) न्याय

**16.** किस भारतीय दार्शनिक ने क्रान्ति का आदर्शमूलक सिद्धान्त दिया है?

(A) गाँधी

(B) एम० एन० रॉय

(C) अरविन्द

(D) टैगोर

**17.** संप्रभुता की निम्न परिभाषा किसने दी है?

"संप्रभुता नागरिकों तथा प्रजा के ऊपर वह परम शक्ति है, जो विधि या कानून द्वारा नियंत्रित नहीं है।"

(A) जीन बोंदा

(B) जॉन रॉल्स

(C) हॉब्स

(D) लॉक

**18.** निम्नलिखित में से कौन-सा रॉबर्ट रेडफील्ड द्वारा स्वीकृत परम्परा का एक प्रकार है?

(A) वृहत् और लघु परम्परा

(B) प्राचीन एवं नवीन परम्परा

(C) भारतीय एवं पाश्चात्य परम्परा

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**19.** *मॉडर्नाइजेशन ऑफ ट्रेडिशनल सोसाइटि* नामक पुस्तक किसने लिखी है?

(A) डेविड ऐप्टर

(B) डेनियल लरनर

(C) डेनियल मिलर

(D) सी० एम० स्मिथ

**20.** वैज्ञानिक बुद्धिवाद, स्वेच्छावाद और जनतन्त्रीकरण : ये तीनों हैं

(A) लोकतंत्र के अंग

(B) आधुनिकता के गत्यात्मक तत्त्व

(C) राजनीतिक विचारों के प्रकार

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

**21.** "Industrialization is a cause of social change." This statement is

(A) true

(B) false

(C) Both of the above

(D) None of the above

**22.** Which theory of change is accepted by Sorokin?

(A) Linear theory

(B) Technological theory

(C) Cyclical theory

(D) Theory of cultural lag

**23.** Who has given 'Blick theory'?

(A) Ayer

(B) Hare

(C) Paley

(D) William James

**24.** "Religion and mythology are different." This statement is

(A) ambiguous

(B) wrong

(C) doubtful

(D) correct

**25.** The Non-Soul theory is given by

(A) Buddhism

(B) Hinduism

(C) Jainism

(D) Christianity

**26.** The practice of 'Pancha Kakar' is essential for which one of the following?

(A) Hinduism

(B) Buddhism

(C) Sikhism

(D) Christianity

**27.** "Jainism is an atheistic religion." This statement is

(A) true

(B) false

(C) doubtful

(D) Can't say

**28.** Which one of the following is ***not*** included in the 'Five Pillars' of Islam?

(A) Recitation of Creed

(B) Idol worship

(C) Prayer (Namaz)

(D) Fasting (Roza)

**29.** Which religion has accepted the concept of Trinity?

(A) Islam

(B) Sikhism

(C) Jainism

(D) Christianity

**30.** "Vedas are the primary source of Hinduism." This statement is

(A) true

(B) false

(C) not known

(D) None of the above

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**21.** "उद्योगीकरण सामाजिक परिवर्तन का एक कारण है।" यह कथन है

(A) सत्य

(B) असत्य

(C) उपर्युक्त दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**22.** सोरोकिन परिवर्तन के किस सिद्धान्त को स्वीकार करते हैं?

(A) रेखीय सिद्धान्त

(B) प्राविधिक सिद्धान्त

(C) चक्रीय सिद्धान्त

(D) सांस्कृतिक पिछड़ेपन का सिद्धान्त

**23.** 'ब्लिक का सिद्धान्त' किसने दिया है?

(A) एयर

(B) हेयर

(C) पेले

(D) विलियम जेम्स

**24.** "धर्म और धर्मशास्त्र भिन्न हैं।" यह कथन है

(A) अस्पष्ट

(B) असत्य

(C) संदेहप्रद

(D) सत्य

**25.** अनात्मवाद का सिद्धान्त किसने दिया है?

(A) बौद्ध-धर्म

(B) हिन्दू-धर्म

(C) जैन-धर्म

(D) ईसाई-धर्म

**26.** निम्नलिखित में से किसके लिए 'पंचककारों' का पालन करना अनिवार्य है?

(A) हिन्दू-धर्म

(B) बौद्ध-धर्म

(C) सिक्ख-धर्म

(D) ईसाई-धर्म

**27.** "जैन-धर्म एक अनीश्वरवादी धर्म है।" यह कथन है

(A) सत्य

(B) असत्य

(C) संदेहप्रद

(D) कह नहीं सकते

**28.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक इस्लाम के 'पंचस्तम्भों' में शामिल **नहीं** है?

(A) मत का उच्चारण

(B) मूर्तिपूजा

(C) नमाज़

(D) रोज़ा

**29.** किस धर्म में 'त्रिमूर्ति' की अवधारणा स्वीकार की गई है?

(A) इस्लाम-धर्म

(B) सिक्ख-धर्म

(C) जैन-धर्म

(D) ईसाई-धर्म

**30.** "वेद हिन्दू-धर्म के मूलभूत स्रोत हैं।" यह कथन है

(A) सत्य

(B) असत्य

(C) अज्ञात

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**31.** The existence of evil is a challenge to

(A) agnosticism

(B) skepticism

(C) theism

(D) atheism

**32.** Which one of the following believes that cessation from suffering is the state of liberation?

(A) Jainism

(B) Buddhism

(C) Christianity

(D) Islam

**33.** 'To be like the image of God' is the state of which one of the following?

(A) Salvation

(B) Bondage

(C) Rebirth

(D) Resurrection

**34.** Nirguna and Saguna are the two forms of

(A) man

(B) Soul

(C) world

(D) God

**35.** *New Testament* is the holy book of which one of the following?

(A) Judaism

(B) Islam

(C) Christianity

(D) Hinduism

**36.** Who has given the Eightfold Path leading to liberation?

(A) Jainism

(B) Buddhism

(C) Sikhism

(D) Islam

**37.** Momentariness is a quality of which one of the following?

(A) Mysticism

(B) Theism

(C) Atheism

(D) Agnosticism

**38.** "Faith is the foundation of religion." This statement is

(A) ambiguous

(B) doubtful

(C) true

(D) false

**39.** The concept of 'First Sin' is given in which one of the following?

(A) The Vedas

(B) The *Quran*

(C) The *Guru Granth Sahib*

(D) The *Bible*

**40.** Swami Vivekananda was the advocate of which one of the following?

(A) Secularism

(B) Universal religion

(C) Sectorianism

(D) None of the above

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

31. अशुभ का अस्तित्व किसके लिए एक चुनौती है?
(A) अज्ञेयवाद
(B) संशयवाद
(C) ईश्वरवाद
(D) अनीश्वरवाद

32. निम्नलिखित में से कौन-सा एक इस बात में विश्वास रखता है कि दुःखों से छुटकारा पाना ही निर्वाण की अवस्था है?
(A) जैन-धर्म
(B) बौद्ध-धर्म
(C) ईसाई-धर्म
(D) इस्लाम-धर्म

33. 'ईश्वर के प्रतिमा-स्वरूप होना' निम्नलिखित में से किसकी अवस्था है?
(A) मोक्ष
(B) बन्धन
(C) पुनर्जन्म
(D) पुनरुत्थान

34. निर्गुण और सगुण किसके दो रूप हैं?
(A) मानव
(B) आत्मा
(C) जगत्
(D) ईश्वर

35. न्यू टेस्टामेन्ट निम्नलिखित में से किसका पवित्र ग्रन्थ है?
(A) यहूदी-धर्म
(B) इस्लाम-धर्म
(C) ईसाई-धर्म
(D) हिन्दू-धर्म

36. निर्वाण-प्राप्ति हेतु किसने अष्टांगिक मार्ग बताया है?
(A) जैन-धर्म
(B) बौद्ध-धर्म
(C) सिक्ख-धर्म
(D) इस्लाम-धर्म

37. क्षणिकता, निम्नलिखित में से किसका/किसकी एक गुण/विशेषता है?
(A) रहस्यवाद
(B) ईश्वरवाद
(C) अनीश्वरवाद
(D) अज्ञेयवाद

38. "आस्था/विश्वास धर्म का आधार है।" यह कथन है
(A) अस्पष्ट
(B) संदेहास्पद
(C) सत्य
(D) असत्य

39. निम्नलिखित में से किस एक में 'प्रथम पाप' की अवधारणा दी गई है?
(A) वेद
(B) कुरान
(C) गुरु ग्रन्थ साहिब
(D) बाइबिल

40. स्वामी विवेकानन्द निम्नलिखित में से किस एक के पक्षधर थे?
(A) धर्मनिरपेक्षतावाद
(B) सार्वभौम धर्म
(C) सम्प्रदायवाद
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

41. Which of the following has accepted the Path of devotion as a way to Moksha?
(A) Islam
(B) Buddhism
(C) Hinduism
(D) Jainism

42. "Buddhism believes in the immortality of Soul." This statement is
(A) true
(B) false
(C) uncertain
(D) None of the above

43. Which one of the following has been accepted as a solution to the problem of evil?
(A) Freedom of the will
(B) Faith
(C) Goodwill
(D) Reason

44. Christianity believes in which one of the following?
(A) Rebirth
(B) Evolution
(C) Resurrection
(D) None of the above

45. According to whom is mutual cooperation an essential factor of religious tolerance?
(A) Guru Nanak Dev
(B) Jesus Christ
(C) Muhammad Sahab
(D) Swami Vivekananda

46. Who is called as the founder of secularism?
(A) Gandhi
(B) George Jacob Holyoake
(C) Locke
(D) Abraham Lincoln

47. In which Amendment of the Indian Constitution was the word 'Secular' added?
(A) 42nd Amendment
(B) 7th Amendment
(C) 46th Amendment
(D) None of the above

48. "Forced religious conversion is a crime." This statement is
(A) ambiguous
(B) incorrect
(C) correct
(D) not known

49. Which one of the following is ***not*** a revealed religion?
(A) Hinduism
(B) Jainism
(C) Islam
(D) Christianity

50. Who has given the ontological proof for the existence of God?
(A) Kant
(B) William Paley
(C) William James
(D) St. Anselm

www.prepp.in

41. भक्तिमार्ग को किसने मोक्ष के एक मार्ग के रूप में स्वीकार किया है?

(A) इस्लाम-धर्म

(B) बौद्ध-धर्म

(C) हिन्दू-धर्म

(D) जैन-धर्म

42. "बौद्ध-धर्म आत्मा की अमरता में विश्वास रखता है।" यह कथन है

(A) सत्य

(B) असत्य

(C) अनिश्चित

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

43. निम्नलिखित में से किसे अशुभ की समस्या के समाधान के रूप में स्वीकार किया गया है?

(A) संकल्प की स्वतंत्रता

(B) आस्था

(C) शुभ संकल्प

(D) तर्क

44. ईसाई-धर्म निम्नलिखित में से किसमें विश्वास रखता है?

(A) पुनर्जन्म

(B) विकास

(C) पुनरुत्थान

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

45. किसके अनुसार पारस्परिक सहयोग धार्मिक सहिष्णुता का एक अनिवार्य तत्त्व है?

(A) गुरु नानक देव

(B) जीसस क्राइस्ट (ईसामसीह)

(C) मुहम्मद साहब

(D) स्वामी विवेकानन्द

46. धर्मनिरपेक्षतावाद का संस्थापक किसे कहा जाता है?

(A) गाँधी

(B) जॉर्ज जेकब होलीओक

(C) लॉक

(D) अब्राहम लिंकन

47. भारतीय संविधान के किस संशोधन में 'सेक्यूलर' शब्द जोड़ा गया?

(A) 42वें संशोधन

(B) 7वें संशोधन

(C) 46वें संशोधन

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

48. "जबरन धर्म-परिवर्तन एक अपराध है।" यह कथन है

(A) अस्पष्ट

(B) गलत

(C) सही

(D) पता नहीं

49. निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्रकाशित धर्म नहीं है?

(A) हिन्दू-धर्म

(B) जैन-धर्म

(C) इस्लाम-धर्म

(D) ईसाई-धर्म

50. ईश्वर की सत्ता को प्रमाणित करने के लिए सत्तामूलक तर्क किसने दिया है?

(A) कान्ट

(B) विलियम पेले

(C) विलियम जेम्स

(D) संत एन्सेल्म

www.prepp.in

51. Who has given the theory of ideas?
(A) Socrates
(B) Zeno
(C) Plato
(D) Aristotle

52. The concepts of 'actuality' and 'potentiality' were given by whom?
(A) Aristotle
(B) Bacon
(C) Plato
(D) Pythagoras

53. Who among the following has said that 'water' is the ultimate substance of the World?
(A) Pythagoras
(B) Heraclitus
(C) Sophists
(D) Thales

54. Who has introduced four types of causes?
(A) Anaxagoras
(B) Aristotle
(C) Socrates
(D) Sophists

55. The theory of interactionism is given by whom among the following?
(A) Spinoza
(B) Bacon
(C) Descartes
(D) Augustine

56. Who among the following has written the book, *Summa Theologica*?
(A) Aquinas
(B) Anselm
(C) Plato
(D) Augustine

57. Who advocates Pantheism in modern Western philosophy?
(A) Descartes
(B) Locke
(C) Hume
(D) Spinoza

58. "'Monads' are windowless." Who said these words?
(A) Hume
(B) Berkeley
(C) Leibniz
(D) Spinoza

59. Who has refuted the theory of innate ideas?
(A) Locke
(B) Spinoza
(C) Berkeley
(D) Hume

60. Whose philosophy is known as 'skepticism'?
(A) Descartes
(B) Hume
(C) Leibniz
(D) Locke

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**51.** प्रत्यय-सिद्धान्त किसने दिया है?

(A) सुकरात

(B) जेनो

(C) प्लेटो

(D) अरस्तू

**52.** 'वास्तविकता' और 'संभाव्यता' के संप्रत्यय किसने दिये थे?

(A) अरस्तू

(B) बेकन

(C) प्लेटो

(D) पाइथागोरस

**53.** इनमें से किसने कहा है कि 'जल' ही विश्व का परम तत्त्व है?

(A) पाइथागोरस

(B) हेराक्लाइटस

(C) सोफिस्ट

(D) थेलीज

**54.** चार प्रकार के कारणों का उल्लेख किसने किया है?

(A) एनेक्सागोरस

(B) अरस्तू

(C) सुकरात

(D) सोफिस्ट

**55.** क्रिया-प्रतिक्रियावाद का सिद्धान्त इनमें से किसने दिया है?

(A) स्पिनोजा

(B) बेकन

(C) डेकार्ट

(D) अगस्टाइन

**56.** इनमें से किसने *सुम्मा थियोलॉजिका* नामक पुस्तक लिखी है?

(A) एक्विनास

(B) एन्सेल्म

(C) प्लेटो

(D) अगस्टाइन

**57.** आधुनिक पाश्चात्य दर्शन में कौन 'सर्वेश्वरवाद' का समर्थन करता है?

(A) डेकार्ट

(B) लॉक

(C) ह्यूम

(D) स्पिनोजा

**58.** "'चिदणु' गवाक्षहीन होते हैं।" ये शब्द किसने कहे हैं?

(A) ह्यूम

(B) बर्कले

(C) लाइब्निज

(D) स्पिनोजा

**59.** जन्मजात प्रत्ययों का खण्डन किसने किया है?

(A) लॉक

(B) स्पिनोजा

(C) बर्कले

(D) ह्यूम

**60.** किसका दर्शन 'संशयवाद' के नाम से जाना जाता है?

(A) डेकार्ट

(B) ह्यूम

(C) लाइब्निज

(D) लॉक

www.prepp.in

**61.** Who is known as the father of Western philosophy?

(A) Bacon

(B) Spinoza

(C) Kant

(D) Descartes

**62.** Who among the following has given the principle of 'synthetic a priori'?

(A) Leibniz

(B) Kant

(C) Locke

(D) Spinoza

**63.** The theory of 'pre-established harmony' is given by who among the following?

(A) Kant

(B) Hegel

(C) Leibniz

(D) Spinoza

**64.** Who has given the theory of 'defence of common sense'?

(A) Hume

(B) Kant

(C) Bradley

(D) Moore

**65.** The book, *Appearance and Reality* is written by who among the following?

(A) Bradley

(B) Hegel

(C) Green

(D) Moore

**66.** Who has given the theory of 'negative facts'?

(A) Moore

(B) Bradley

(C) Russell

(D) Ayer

**67.** *Philosophical Investigations* is the book written by whom?

(A) Wittgenstein

(B) Ayer

(C) Carnap

(D) Ryle

**68.** The idea of 'category mistake' is given by who among the following?

(A) Moore

(B) Russell

(C) Wittgenstein

(D) Ryle

**69.** The rejection of metaphysics is done by who among the following?

(A) Kant

(B) Ayer

(C) Hare

(D) Moore

**70.** Husserl's philosophy is known as

(A) logical positivism

(B) pragmaticism

(C) phenomenology

(D) existentialism

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**61.** पाश्चात्य दर्शन का जनक किसे कहा जाता है?

(A) बेकन

(B) स्पिनोजा

(C) कान्ट

(D) डेकार्ट

**62.** इनमें से किसने 'संश्लेषणात्मक प्रागनुभविक' का सिद्धान्त दिया है?

(A) लाइब्निज

(B) कान्ट

(C) लॉक

(D) स्पिनोजा

**63.** इनमें से किसने 'पूर्व-स्थापित सामंजस्य' का सिद्धान्त दिया है?

(A) कान्ट

(B) हेगेल

(C) लाइब्निज

(D) स्पिनोजा

**64.** 'सामान्य-बोध समर्थन' का सिद्धान्त किसने दिया है?

(A) ह्यूम

(B) कान्ट

(C) ब्रैडले

(D) मूर

**65.** इनमें से किसने *आभास एवं सत्* नामक पुस्तक लिखी है?

(A) ब्रैडले

(B) हेगेल

(C) ग्रीन

(D) मूर

**66.** 'निषेधात्मक तथ्यों' का सिद्धान्त किसने दिया है?

(A) मूर

(B) ब्रैडले

(C) रसेल

(D) एयर

**67.** *फिलोसॉफिकल इन्वेस्टीगेशन्स* नामक पुस्तक किसने लिखी है?

(A) विटगेन्सटाइन

(B) एयर

(C) कार्नैप

(D) राइल

**68.** इनमें से किसने 'कैटेगरी मिस्टेक' का विचार दिया है?

(A) मूर

(B) रसेल

(C) विटगेन्सटाइन

(D) राइल

**69.** इनमें से किसने तत्त्वमीमांसा का निराकरण किया है?

(A) कान्ट

(B) एयर

(C) हेयर

(D) मूर

**70.** हुसर्ल का दर्शन किस नाम से जाना जाता है?

(A) तार्किक भाववाद

(B) अर्थक्रियावाद

(C) संवृतिवाद / संवृतिशास्त्र

(D) अस्तित्ववाद

prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

**71.** Who has developed the theory of Pragmaticism?

(A) Ayer

(B) William James

(C) Sartre

(D) Quine

**72.** Kierkegaard belongs to which one of the following?

(A) Theistic existentialism

(B) Atheistic existentialism

(C) Pragmatism

(D) Logical atomism

**73.** Who has given picture theory of meaning?

(A) Moore

(B) Ayer

(C) Russell

(D) Wittgenstein

**74.** The concept of 'bad faith' is given by who among the following?

(A) Ryle

(B) Russell

(C) Sartre

(D) Jaspers

**75.** Who has written the book, *Principia Mathematica*?

(A) Hume

(B) Russell

(C) Moore

(D) Ryle

**76.** The classical Indian philosophy has been classified into two major sections. Name them.

(A) Old and new traditions

(B) Theistic and atheistic systems

(C) Pre-Vedic and post-Vedic systems

(D) Orthodox and Heterodox systems

**77.** Which one of the following is called the materialistic system of Indian philosophy?

(A) Jaina

(B) Charvaka

(C) Samkhya

(D) Nyaya

**78.** Which one of the following is ***not*** included in the six systems of Indian philosophy?

(A) Buddhism

(B) Samkhya

(C) Mimamsa

(D) Nyaya

**79.** "Perception is the only valid source of knowledge." Who said these words?

(A) Kapila

(B) Gautama

(C) Charvaka

(D) Kanada

**80.** Which system of Indian philosophy has accepted 'Keval-gyan'?

(A) Mimamsa

(B) Jaina

(C) Vedanta

(D) Buddhism

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**71.** अर्थक्रियावाद के सिद्धान्त का विकास किसने किया था?

(A) एयर

(B) विलियम जेम्स

(C) सार्त्र

(D) क्वाइन

**72.** किर्केगार्ड निम्नलिखित में से किस एक से सम्बन्ध रखते हैं?

(A) आस्तिक अस्तित्ववाद

(B) नास्तिक अस्तित्ववाद

(C) अर्थक्रियावाद

(D) तार्किक परमाणुवाद

**73.** अर्थ का चित्र-सिद्धान्त किसने दिया है?

(A) मूर

(B) एयर

(C) रसेल

(D) विटगेन्सटाइन

**74.** इनमें से किसने 'दुरास्था' की अवधारणा दी है?

(A) राइल

(B) रसेल

(C) सार्त्र

(D) यास्पर्स

**75.** *प्रिंसीपिया मैथेमेटिका* नामक पुस्तक किसने लिखी है?

(A) ह्यूम

(B) रसेल

(C) मूर

(D) राइल

**76.** शास्त्रीय भारतीय दर्शन को दो प्रमुख भागों में विभाजित किया गया है। उनके नाम हैं

(A) प्राचीन एवं नवीन परम्परा

(B) ईश्वर एवं निरीश्वरवादी सम्प्रदाय

(C) प्राग्वैदिक एवं उत्तरवैदिक सम्प्रदाय

(D) आस्तिक एवं नास्तिक सम्प्रदाय

**77.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक भारतीय दर्शन के भौतिकवादी सम्प्रदाय के नाम से जाना जाता है?

(A) जैन

(B) चार्वाक

(C) सांख्य

(D) न्याय

**78.** निम्नलिखित में से किस एक को भारतीय दर्शन के षड्दर्शन में शामिल **नहीं** किया जाता है?

(A) बौद्ध

(B) सांख्य

(C) मीमांसा

(D) न्याय

**79.** "ज्ञान का एकमात्र वैध साधन प्रत्यक्ष ही है।" ये शब्द किसने कहे हैं?

(A) कपिल

(B) गौतम

(C) चार्वाक

(D) कणाद

**80.** भारतीय दर्शन का कौन-सा सम्प्रदाय 'केवल-ज्ञान' को स्वीकार करता है?

(A) मीमांसा

(B) जैन

(C) वेदान्त

(D) बौद्ध

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**81.** "Arthakriya Karitvam Sat." This is the definition of which one of the following?

(A) World
(B) Jiva
(C) Soul
(D) Reality

**82.** What are the three kinds of suffering according to Samkhya?

(A) Eternal, non-eternal and natural
(B) Physical, mental and natural
(C) Adhyatmika, Adhidaivika and Adhibhautika
(D) None of the above

**83.** Which theory is accepted by Vaisheshikas?

(A) Materialism
(B) Atomism
(C) Idealism
(D) Dualism

**84.** Who has refuted the real existence of World?

(A) Shankaracharya
(B) Ramanujacharya
(C) Madhvacharya
(D) Nimbarkacharya

**85.** 'Asatkaryavada' is the theory of which one of the following?

(A) Reality
(B) Creation
(C) Causation
(D) Evolution

**86.** Multiple Soul theory is given by whom?

(A) Charvaka
(B) Samkhya
(C) Nyaya
(D) Buddhism

**87.** Hinayana and Mahayana are the two schools of which one of the following?

(A) Vedanta
(B) Mimamsa
(C) Jainism
(D) Buddhism

**88.** "Samkhya accepts the existence of God." This statement is

(A) true
(B) false
(C) uncertain
(D) None of the above

**89.** Who has given the theory of Dependent origination?

(A) Jainism
(B) Charvaka
(C) Buddhism
(D) Yoga Darshana

**90.** Who was the founder of Jainism?

(A) Mahavira Swami
(B) Gautama Buddha
(C) Rishabhadev
(D) Kapila Muni

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**81.** "अर्थक्रिया कारित्वं सत्।" यह परिभाषा निम्नलिखित में से किस एक की है?

(A) जगत्

(B) जीव

(C) आत्मा

(D) सत्

**82.** सांख्य के अनुसार तीन प्रकार के दुःख कौन-से हैं?

(A) नित्य, अनित्य एवं प्राकृतिक

(B) शारीरिक, मानसिक एवं प्राकृतिक

(C) आध्यात्मिक, आधिदैविक एवं आधिभौतिक

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**83.** वैशेषिकों द्वारा किस सिद्धान्त को स्वीकार किया गया है?

(A) भौतिकवाद

(B) परमाणुवाद

(C) प्रत्ययवाद

(D) द्वैतवाद

**84.** जगत् की यथार्थ सत्ता का खण्डन किसने किया है?

(A) शंकराचार्य

(B) रामानुजाचार्य

(C) मध्वाचार्य

(D) निम्बार्काचार्य

**85.** 'असत्कार्यवाद' का सिद्धान्त निम्नलिखित में से किस एक से सम्बन्ध रखता है?

(A) सत्

(B) सृष्टि

(C) कारणता

(D) विकास

**86.** पुरुष-बहुत्व का सिद्धान्त किसने दिया है?

(A) चार्वाक

(B) सांख्य

(C) न्याय

(D) बौद्ध

**87.** हीनयान और महायान निम्नलिखित में से किसके दो सम्प्रदाय हैं?

(A) वेदान्त

(B) मीमांसा

(C) जैन

(D) बौद्ध

**88.** "सांख्य ईश्वर की सत्ता को स्वीकार करता है।" यह कथन है

(A) सत्य

(B) असत्य

(C) अनिश्चित

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**89.** प्रतीत्य-समुत्पाद का सिद्धान्त किसने दिया है?

(A) जैन दर्शन

(B) चार्वाक

(C) बौद्ध दर्शन

(D) योग दर्शन

**90.** जैन-धर्म के संस्थापक कौन थे?

(A) महावीर स्वामी

(B) गौतम बुद्ध

(C) ऋषभदेव

(D) कपिल मुनि

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**91.** Who has refuted inference as a source of knowledge?

(A) Shankara

(B) Charvaka

(C) Kapila

(D) Mahavira

**92.** Hetvabhasa is a

(A) quality

(B) relation

(C) fallacy

(D) None of the above

**93.** How many Pramanas are accepted by Buddhism?

(A) Four

(B) One

(C) Three

(D) Two

**94.** Who has accepted 'Arthapatti' as a source of knowledge?

(A) Jaina

(B) Mimamsa

(C) Bauddha

(D) Nyaya

**95.** Prama is a

(A) true knowledge

(B) false knowledge

(C) doubt

(D) None of the above

**96.** Who has accepted the real existence of 'Abhava'?

(A) Samkhya

(B) Mimamsa

(C) Vaisheshika

(D) Charvaka

**97.** Advaita Vedanta accepts which theory of error?

(A) Satkhyati

(B) Anirvachaniyakhyati

(C) Asatkhyati

(D) Anyathakhyati

**98.** Which system of Indian philosophy has accepted the theory of Parinamavada?

(A) Shankara-Vedanta

(B) Nyaya

(C) Mimamsa

(D) Samkhya

**99.** "Jaina epistemology accepts 'analogy' as a source of knowledge." This statement is

(A) false

(B) true

(C) uncertain

(D) None of the above

**100.** 'Anvitabhidhanavada' is a theory of which one of the following?

(A) Truth

(B) Evolution

(C) Meaning

(D) Error

91. ज्ञान के साधन के रूप में किसने अनुमान प्रमाण का खण्डन किया है?
(A) शंकर
(B) चार्वाक
(C) कपिल
(D) महावीर

92. हेत्वाभास है
(A) गुण
(B) सम्बन्ध
(C) दोष
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

93. बौद्ध-दर्शन के द्वारा कितने प्रमाण स्वीकार किए गए हैं?
(A) चार
(B) एक
(C) तीन
(D) दो

94. 'अर्थापत्ति' को ज्ञान के साधन के रूप में किसने स्वीकार किया है?
(A) जैन
(B) मीमांसा
(C) बौद्ध
(D) न्याय

95. प्रमा है
(A) यथार्थ ज्ञान
(B) मिथ्या ज्ञान
(C) संशय
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

96. 'अभाव' की यथार्थ सत्ता किसने स्वीकार की है?
(A) सांख्य
(B) मीमांसा
(C) वैशेषिक
(D) चार्वाक

97. अद्वैत वेदान्त, भ्रम (त्रुटि) के किस सिद्धान्त को स्वीकार करता है?
(A) सत्ख्याति
(B) अनिर्वचनीय ख्याति
(C) असत्ख्याति
(D) अन्यथाख्याति

98. भारतीय दर्शन का कौन-सा सम्प्रदाय परिणामवाद के सिद्धान्त को स्वीकार करता है?
(A) शांकर-वेदान्त
(B) न्याय
(C) मीमांसा
(D) सांख्य

99. "जैन ज्ञानमीमांसा 'उपमान' को ज्ञान के साधन के रूप में स्वीकार करता है।" यह कथन है
(A) असत्य
(B) सत्य
(C) अनिश्चित
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

100. 'अन्विताभिधानवाद' निम्नलिखित में से किस एक से सम्बन्धित सिद्धान्त है?
(A) सत्य
(B) विकास
(C) अर्थ
(D) त्रुटि (भ्रम)

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**03/FH/CC/M–2023–21**

पुस्तिका शृंखला

**C**

उम्मीदवार का अनुक्रमांक

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

# प्रश्न–पुस्तिका

# दर्शनशास्त्र

**समय : 2 घण्टे**

**पूर्णांक : 100**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें।**

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. इस प्रश्न-पुस्तिका में कुल **100** प्रश्न हैं।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें।
4. **परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न-पुस्तिका की जाँच कर देख लें कि इसके ऊपर दायीं ओर प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला मुद्रित है। कृपया जाँच लें कि पुस्तिका में रफ़ कार्य हेतु दो पृष्ठों (पृष्ठ संख्या 22 और 23) सहित पूरे 24 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न या पृष्ठ बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ तो नहीं है। पुस्तिका में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले इसी शृंखला की दूसरी सही पुस्तिका ले लें।**
5. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्नों के अंग्रेजी तथा हिन्दी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा।
6. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें। प्रश्न-पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
7. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको वीक्षक द्वारा अलग से उत्तर पत्रक दिया जायेगा। **अपने उत्तर पत्रक के पृष्ठ-2 पर निर्धारित स्थान में अपना नाम, अनुक्रमांक, प्रश्न-पुस्तिका शृंखला तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा।**
8. उत्तर पत्रक के **पृष्ठ-2** पर निर्धारित स्थान में अपने **अनुक्रमांक** तथा **प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला A, B, C या D** जैसा इस प्रश्न-पुस्तिका के आवरण पृष्ठ के ऊपर दायीं ओर अंकित है, से सम्बन्धित कोष्ठक को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन से अवश्य कूटबद्ध करें। **उत्तर पत्रक पर प्रश्न-पुस्तिका शृंखला अंकित नहीं करने अथवा गलत शृंखला अंकित करने पर उत्तर पत्रक का सही मूल्यांकन नहीं होगा।**
9. इस पुस्तिका में सभी प्रश्न और उनके उत्तर अंग्रेजी एवं हिन्दी में मुद्रित हैं। प्रत्येक प्रश्न के **चार** उत्तर—(A), (B), (C) और (D) क्रम पर दिये गये हैं। उनमें से आप सबसे सही **केवल एक** उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें। यदि आपको ऐसा लगे कि किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर सही हैं, तो आप अपने उत्तर पत्रक में उस उत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए **केवल एक** ही उत्तर चुनना है। आपका कुल प्राप्तांक आपके द्वारा उत्तर पत्रक में अंकित सही उत्तरों पर निर्भर होगा।
10. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने **चार** वृत्त इस प्रकार बने हुए हैं—(A), (B), (C) और (D)। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के **केवल एक वृत्त को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन** से चिह्नित करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में चिह्नित करें। आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा। **उत्तर पत्रक में उत्तर को चिह्नित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें। किसी भी प्रकार का काट-कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है।**
11. प्रश्न-पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है। प्रश्न-पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा की अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें। **परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें।** उसके बाद आपको अपनी प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
12. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है।

**Note :** English version of the instructions is printed on the First Page of this Booklet.



SEAL